# Govt. College for Girls, Palwal, Kurukshetra
## Activity Report - NSS 7 Days Camp organised from 07/02/2023 to 13/02/2023

यह सात दिवसीय कैंप 7 से 13 फरवरी, 2023 तक पलवल गांव में आयोजित किया गया।

**Day 1 - 07/02/2023**

कैंप के पहले दिन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ नीरज बातिश, डिप्टी कॉर्डिनेटर, एनएसएस, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र, रहे। कैंप का उद्घाटन डॉ नीरज बातिश के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। युवा राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका अदा करते हैं। उन्होंने छात्राओं को हर प्रकार के नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया। महाविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर डॉ मीनाक्षी ने एनएसएस इकाई को बधाई दी एवं आने वाले 7 दिनों के लिए उत्साह से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। दूसरे सत्र में गणित विभाग के प्रोफेसर सतबीर सिंह के द्वारा 'एक डोमिनियन राज्य से एक संप्रभु राज्य तक भारत की यात्रा' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इसी सत्र में एनएसएस की छात्राओं ने पलवल गांव के सियालकोटिय डेरे में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' पर जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। इसी सत्र में 'पर्यावरण संरक्षण' पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें 8 छात्राओं ने भाग लिया। बीए द्वितीय वर्ष से शिवानी प्रथम स्थान पर रही, बीसीए प्रथम वर्ष से यशिका धीमान द्वितीय स्थान पर रही तथा बीसीए द्वितीय वर्ष से तनु धीमान तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ कृष्ण कुमार एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी विभाग, मैडम सीमा नाहर असिस्टेंट प्रोफेसर केमिस्ट्री विभाग तथा मैडम कोमल गर्ग असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने निभाई।

**Day 2 - 08/02/2023**

कैंप के दूसरे दिन के पहले सत्र में एनएसएस की छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण को साफ एवं सुव्यवस्थित किया गया तथा प्लास्टिक मुक्त कैंपस अभियान चलाया गया। दूसरे सत्र में भूगोल विभाग की प्रोफेसर डॉ मंजू ने "पर्यावरण स्थिरता" पर व्याख्यान प्रस्तुत करके छात्राओं को पर्यावरण बचाने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। इसी सत्र में छात्राओं ने पलवल गांव के सियालकोटिय डेरे में 'प्लास्टिक मुक्त भारत' पर जागरूकता रैली निकाल कर गांव वालों को पर्यावरण बचाने के विभिन्न तरीकों को समझाया।

**Day 3 09/02/2023**

कैंप के तीसरे दिन के पहले सत्र में एनएसएस की छात्राओं के द्वारा पलवल गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत' पर रैली निकालकर गांव वालों को जागरूक किया। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से राजकीय उच्च विद्यालय, पलवल के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया एवं उन्हें शपथ भी दिलवाई कि वे स्वयं तो सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे ही साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे। दूसरे सत्र में रेड क्रॉस सोसाइटी की लेक्चरर मैडम किरण जी के द्वारा फर्स्ट एड एंड होम नर्सिंग की ट्रेनिंग के पहले सेशन में रेड क्रॉस सोसाइटी का इतिहास एवं फर्स्ट एड एंड होम नर्सिंग की जरूरतों के बारे में बताया गया। उसके बाद 16 छात्राओं ने 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत', 'नशा मुक्त भारत' तथा' प्लास्टिक मुक्त' भारत विषयों पर नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ राजबीर सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट, मैडम पूजा असिस्टेंट प्रोफेसर, इंग्लिश डिपार्टमेंट तथा श्री सुनील थुआ, असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी डिपार्टमेंट ने निभाई। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में पहला स्थान निकिता बीकॉम द्वितीय वर्ष से, दूसरा स्थान नितिका बीकॉम द्वितीय वर्ष से तथा तीसरा स्थान भी बीकॉम द्वितीय वर्ष से नेहा ने प्राप्त किया।

**Day 4 10/02/2023**

कैंप के चौथे दिन के पहले सत्र में एनएसएस की छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में "पौधारोपण" किया गया। सभी वॉलिंटियर्स ने पौधारोपण में भाग लिया। दूसरे सत्र में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ कृष्ण कुमार के द्वारा 'समाज निर्माण में युवाओं का योगदान' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उसके बाद इसी सत्र में "फर्स्ट एड एंड होम नर्सिंग" की ट्रेनिंग के दूसरे सेशन में मैडम किरण जी के द्वारा दिल का दौरा, दम घुटना, शरीर का जलना जैसी स्थितियों में प्राथमिक सहायता किस प्रकार दी जाती है, के बारे में प्रशिक्षण दिया गया तथा रक्तदान के विषय में भी जानकारी प्रदान की गई। इसी सत्र में 'स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ' विषय पर पलवल गांव के सियालकोट के डेरे में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसी सत्र में नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में 6 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से बीए द्वितीय वर्ष से कोमल प्रथम स्थान पर, बीए द्वितीय वर्ष से ही सलोनी द्वितीय स्थान पर रही तथा बीकॉम प्रथम वर्ष से संजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता में 5 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से बीएससी तृतीय वर्ष से तमन्ना शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, बीए द्वितीय वर्ष से दीपिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बीए द्वितीय वर्ष से कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर नवित, कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट, डॉ सीमा देवी हिंदी डिपार्टमेंट तथा मैडम अमिता कॉमर्स डिपार्टमेंट ने निभाई।

**Day 5 11/02/2023**

कैंप के पांचवें दिन के पहले सत्र की शुरुआत अखिल भारतीय योग संस्थान के कृष्ण जिला जॉन की प्रधान श्रीमती मिथिलेश जी के द्वारा छात्राओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए हुई। उसके बाद एनएसएस की छात्राओं के द्वारा पलवल गांव में 'नशा मुक्त भारत' पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे से होने वाले हानियों के बारे में गांव वालों को अवगत कराया तथा उन्हीं शपथ भी दिलाई कि वे स्वयं तो नशे से दूर रहेंगे ही अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। छात्राओं ने गांव वालों को जागरूक करने के लिए रैली का भी आयोजन किया। दूसरे सत्र में फर्स्ट एड एवं होम नर्सिंग के ट्रेनिंग के तीसरे सेशन में छात्राओं को फर्स्ट ऐड की ट्रेनिंग के अंतर्गत खून बहने एवं फ्रैक्चर हो जाने पर किस तरह से मरीज को संभालना है एवं किस प्रकार डॉक्टर तक लेकर जाना है, के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसी सत्र में 16 छात्राओं ने 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें बीएससी द्वितीय वर्ष से तनिषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, बीएससी द्वितीय वर्ष से आरती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से बीकॉम द्वितीय वर्ष की मनप्रीत कौर तथा बीसीए द्वितीय वर्ष से रजनी ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ कृष्ण कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी डिपार्टमेंट, मैडम पूजा, असिस्टेंट प्रोफेसर, इंग्लिश डिपार्टमेंट तथा मैडम प्रीति असिस्टेंट प्रोफेसर, पोलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट ने निभाई।

**Day 6 12/02/2023**

कैंप के छठे दिन के पहले सत्र में एनएसएस की छात्राओं के द्वारा पलवल गांव के सियालकोटिय डेरे में पौधारोपण का कार्य किया गया तथा 'जल संरक्षण' पर जागरूकता रैली का आयोजन करके डेरा वासियों को जल संरक्षण पर जागरूक किया। दूसरे सत्र में फर्स्ट एड एवं होम नर्सिंग ट्रेनिंग के चौथे तथा अंतिम सेशन में जहर से बचने के उपाय तथा दुर्घटना स्थान से मरीज को किस प्रकार से ट्रांसपोर्ट करना है, के बारे में प्रशिक्षित किया तथा एक मॉक ड्रिल के माध्यम से उन्हें प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी गई। फर्स्ट एड की ट्रेनिंग के दौरान छात्राओं को फर्स्ट एड बॉक्स बनाने भी सिखाए गए जोकि इस सत्र में उनके द्वारा बनाकर प्रस्तुत किए गए। इसी सत्र में 9 छात्राओं ने 'बेस्ट

आउट ऑफ वेस्ट' प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर बीरेंद्र कौर, एसोसिएट प्रोफेसर हिस्ट्री डिपार्टमेंट, डॉ श्रेष्ठा असिस्टेंट प्रोफेसर होम साइंस डिपार्टमेंट तथा श्री सुनील थुआ असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी डिपार्टमेंट ने निभाई। इस प्रतियोगिता में 13 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से बीए द्वितीय वर्ष की शिवानी प्रथम स्थान पर रही, बीए द्वितीय वर्ष से ही सलोनी तृतीय स्थान पर रही तथा बी ऐ द्वितीय वर्ष से ही दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**Day 7 13/02/2023**

कैंप के सातवें दिन समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आनंद कुमार. एनएसएस कोऑर्डिनेटर, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र रहे।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि जी ने कहा कि सभी स्वयंसेवकों का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए सभी स्वयंसेवकों को सामाजिक एवं राष्ट्र के मुद्दों पर विचार करना चाहिए और स्वयं उनके प्रति जागरूक रहना चाहिए तभी वे समाज और राष्ट्र को जागरूक बना पाएंगे। सभी स्वयंसेवकों को अपनी प्रतिभा को पहचान कर उसी के अनुरूप राष्ट्र की सेवा में योगदान देना चाहिए। महाविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर डॉ मीनाक्षी ने सात दिवसीय कैंप के सफल संचालन के लिए एनएसएस इकाई को बधाई दी एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका कार्य सिर्फ कैंप में ही खत्म नहीं हो जाता उन्हें आगे भी राष्ट्र सेवा की भावना को ऐसे ही जारी रखना है। समापन समारोह में कैंप के दौरान जिन गतिविधियों का आयोजन किया गया, उनके विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा सभी 50 छात्राओं को कैंप में भागीदारी के लिए भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कैंप के सफल संचालन मैडम कोमल गर्ग एवं मैडम मनीषा तथा सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग सदस्यों का अहम योगदान रहा।

(Dr. Seema Pandey)
NSS P.O.


Seen
21.2.2023

# Activity Report


## NSS 7 Days Camp organised from 07/02/2023 to 13/02/2023

### Day 1 – 07/02/2023


Chief Guest Dr. Neeraj Batish (Deputy Coordinator, NSS, KUK)





Chief Guest addressing the volunteers.





Dr. Seema Pandey, NSS P.O. briefing the programme schedule.





Awareness Rally on "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ"




Dr. Meenakshi, welcoming the Chief Guest.





Mr. Satbir Singh, Resource Person




## Activity Report
## NSS 7 Days Camp organised from 07/02/2023 to 13/02/2023

### Day 2 – 08/02/2023


Swatchta Abhiyan at college campus





Poster-Making competition on "Environment Protection"





Dr. Manju, Resource Person




NSS volunteers with Plastic Waste collected.




Awareness Rally on "Plastic Mukt Bharat"




<u>**Activity Report**</u>


<u>**NSS 7 Days Camp organised from 07/02/2023 to 13/02/2023**</u>

**Day 3 – 09/02/2023**


Awareness Campaign at Palwal village on "नशाखोरी मुक्त भारत"





Swatchta Abhiyan at Palwal village





Awareness Rally at Palwal village on "नशाखोरी मुक्त भारत"




Nukkad Natak on "Road safety" at Govt. High School, Palwal




First Aid Training Session-I




# Activity Report
## NSS 7 Days Camp organised from 07/02/2023 to 13/02/2023

### Day 4 – 10/02/2023


Participants & Judges of Slogan Writing competition





Dr. Kaushal Kumar, Resource Person





First Aid Training Session-II




Tree plantation at college campus.




Awareness Rally on "स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ"





Seen


# Activity Report
## NSS 7 Days Camp organised from 07/02/2023 to 13/02/2023

Day 5 – 11/02/2023


Smt. Mithilesh ji, Yoga Trainer





First Aid Training Session-III




Awareness campaign on "नशा मुक्त भारत"




Essay Writing Competition on "Atam Nirbhar Bharat"




Seen


## Activity Report
## NSS 7 Days Camp organised from 07/02/2023 to 13/02/2023

### Day 6 – 12/02/2023


Awareness Campaign on "जल संरक्षण"





Tree plantation at Sialkotiya [illegible] Palwal




Best out of waste competition





First Aid [illegible] Session - IV




Awareness Rally at Sialkotiya [illegible] Palwal




Mock drill on First Aid




**Activity Report**


**NSS 7 Days Camp organised from 07/02/2023 to 13/02/2023**

Day 7 – 13/02/2023


Winners of Best out of waste competition





Dr. Anand Kumar, Chief Guest at Valedictory Session





First Aid Boxes made by NSS volunteers





Dr. Seema Pandey reading report of camp




Participants with certificate




Dr. Meenakshi welcoming the chief guest.




Seen


**Activity Report**

**NSS 7 Days Camp organised from 07/02/2023 to 13/02/2023**

## News Coverage – Day 1

पंजाब केसरी WED,08 FEBRUARY 2023
EDITION: KURUKSHETRA KESARI, PAGE NO. 4

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का हुआ शुभारम्भ



*दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते मुख्यातिथि। (अरोड़ा)*

कुरुक्षेत्र, 7 फरवरी ( विनोद अरोड़ा ): राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा. सीमा पांडे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 7 दिन के स्पेशल कैंप का शुभारंभ किया गया। यह सात दिवसीय कैंप 7 से 13 फरवरी, 2023 तक पलवल गांव में आयोजित किया जाएगा। कैंप के पहले दिन मुख्य अतिथि के तौर पर डा. नीरज बातिश, डिप्टी कॉर्डिनेटर, एन.एस.एस. कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र रहे।

कैंप का उद्घाटन डा. नीरज बातिश के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। युवा राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका अदा करते हैं।

उन्होंने छात्राओं को हर प्रकार के नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया। महाविद्यालय की चीफप्रॉक्टर डा. मीनाक्षी ने एन.एस.एस. इकाई को बधाई दी एवं आने वाले 7 दिनों के लिए उत्साह से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. सीमा पांडे के द्वारा आने वाले 7 दिनों का प्रोग्राम शेड्यूल सबके सामने प्रस्तुत किया गया। इस कैंप में 50 छात्राएं भाग लेंगी।

Seen


<u>**Activity Report**</u>

<u>**NSS 7 Days Camp organised from 07/02/2023 to 13/02/2023**</u>

## News Coverage- Day 3

पंजाब केसरी, 10 फरवरी 2023

# स्वयं सेविकाओं को दी प्राथमिक सहायता सम्बंधित जानकारी




*शिविर में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण लेती छात्राएं।* (पंकेस)

कुरुक्षेत्र, 9 फरवरी (पंकेस): राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में एन.एस.एस. इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. सीमा पांडे के नेतृत्व में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन के पहले सत्र में एन.एस.एस. की छात्राओं ने पलवल गांव में स्वच्छता अभियान चलाया, स्वच्छ भारत, भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर गांव वालों को रैली निकालकर जागरूक किया तथा राजकीय हाई स्कूल के बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति शपथ दिलवाई।

दूसरे सत्र में किरण, लेक्चरर इन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता का प्रशिक्षण दिया गया। इस कैंप में 50 छात्राएं भाग ले रही हैं। महाविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर डा. मीनाक्षी ने प्राथमिक शिक्षा की लेक्चरर किरन एवं रेड क्रॉस सोसाइटी का छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया।

दैनिक जागरण 10 फरवरी, 2023

# स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक



राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल की ओर से आयोजित एनएसएस शिविर में प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी देते शिक्षिका किरण। सौजन्य : संस्थान

**कुरुक्षेत्र:** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित कर गाव पलवल में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान में स्वयंसेविकाओं ने गलियों में पड़े कचरे की सफाई करने के साथ- साथ ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. सीमा पांडे ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर भी गाव में जागरूकता रैली निकाली गई। राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया। सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति शपथ दिलवाई गई। दूसरे सत्र में शिक्षिका किरण ने स्वयंसेविकाओं को प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण दिया। महाविद्यालय की चीफ प्राक्टर डा. मीनाक्षी ने कहा कि छात्राओं को इन शिविरों में बढ-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इससे छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। शिविर में हिस्सा लेने से छात्राओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी अहसास होता है। (जासं)

Seen

# Activity Report

## NSS 7 Days Camp organised from 07/02/2023 to 13/02/2023

## News Coverage – Day 5

पंजाब केसरी 12 फरवरी, 2023.

# छात्राओं को जीवन में योग को अपनाने के लिए किया प्रेरित

कुरुक्षेत्र, 11 फरवरी (विनोद अरोड़ा): राजकीय कन्या महाविद्यालय, पलवल में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा. सीमा पांडे के नेतृत्व में चल रहे सात दिवसीय कैंप के पांचवें दिन की शुरुआत अखिल भारतीय योग संस्थान की कृष्ण जिला जोन की प्रधान मिथिलेश के द्वारा छात्राओं को सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण देते हुए की गई। मिथिलेश एवं मांगेराम के द्वारा छात्राओं को सूर्य नमस्कार के सभी आसनों के महत्व को समझाते हुए अभ्यास कराया गया।

उन्होंने छात्राओं को योग को सदैव अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर डा. मीनाक्षी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया तथा अपने संबोधन में छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए ताकि हमारा शरीर स्वस्थ रह सके।



*कैम्प में छात्राओं को सम्बोधित करती वक्ता।* (अरोड़ा)


कैंप के प्रथम सत्र में छात्राओं ने पलवल गांव में नशा मुक्त भारत पर जागरूकता रैली निकाली एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करके गांव वालों को नशा ना करने के लिए प्रेरित किया तथा गांव वासियों को शपथ भी दिलवाई कि वे स्वयं तो नशे से दूर रहेंगी ही तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

दूसरे सत्र में रेड क्रॉस सोसाइटी की लेक्चरर किरण के द्वारा छात्राओं को फर्स्ट एड की ट्रेनिंग के अंतर्गत खून बहने एवं फ्रैक्चर हो जाने पर किस तरह से मरीज को संभालना है एवं किस प्रकार डॉक्टर तक लेकर जाना है। इसी सत्र में छात्राओं ने आत्मनिर्भर भारत विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का हुआ समापन

**Day 7**

पंजाब केसरी 14 Feb, 2023.



*शिविर में छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित करते मुख्यातिथि।* (अरोड़ा)

कुरुक्षेत्र, 13 फरवरी (विनोद अरोड़ा): राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. सीमा पांडे के नेतृत्व में चल रहे सात दिवसीय कैंप के समापन समारोह में मुख्यातिथि डा. आनंद कुमार, एन.एस.एस. कोऑर्डिनेटर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र रहे।

अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने कहा कि सभी स्वयंसेवकों का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए सभी स्वयंसेवकों को सामाजिक एवं राष्ट्र के मुद्दों पर विचार करना चाहिए और स्वयं उनके प्रति जागरूक रहना चाहिए तभी तो समाज और राष्ट्र को जागरूक बना पाएंगे। सभी स्वयंसेवकों को अपनी प्रतिभा को पहचान कर उसी के अनुरूप राष्ट्र की सेवा में योगदान देना चाहिए।

महाविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर डा. मीनाक्षी ने सात दिवसीय कैंप के सफल संचालन के लिए एन.एस.एस. इकाई को बधाई दी एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका कार्य सिर्फ कैंप में ही खत्म नहीं हो जाता उन्हें आगे भी राष्ट्र सेवा की भावना को ऐसे ही जारी रखना है।

समापन समारोह में कैंप के दौरान जिन गतिविधियों का आयोजन किया गया। उनके विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा सभी 50 छात्राओं को कैंप में भागीदारी के लिए भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कैंप के सफल संचालन कोमल गर्ग एवं मनीषा तथा सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग सदस्यों का अहम योगदान रहा।